भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
24.07.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 274 का उत्तर

विभिन्न जोनल रेल कार्यालयों में रिक्तियां

274. श्री ए. राजा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केंद्र सरकार द्वारा रेल मंत्रालय के अधीन लम्बे समय से रिक्त पड़े आरक्षित पदों को भरने के लिए कोई समीक्षा की गई है;

(ख) क्या केंद्र सरकार ने विभिन्न जोनल रेलवे तथा उनके उपक्रमों को सभी आरक्षित पदों को समयबद्ध तरीके से भरने के निर्देश जारी किए हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) विभिन्न जोनल रेल तथा रेल बोर्ड और उनके उपक्रमों में पिछले तीन वर्षों में अन्य पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा पीडब्ल्यूडी (दिव्यांगों) के लिए आरक्षित विभिन्न श्रेणियों के पदों में रिक्तियों की संख्या कितनी है; और

(ङ) केंद्र सरकार द्वारा सभी रिक्तियों को समयबद्ध तरीके से भरे जाने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

s.k

विभिन्न जोनल रेल कार्यालयों में रिक्तियों के संबंध में दिनांक 24.07.2024 को लोक सभा में श्री ए. राजा के अतारांकित प्रश्न सं. 274 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (घ): अन्य अभ्यर्थियों के साथ-साथ चिह्नित की गई कोटियों से संबंधित अभ्यर्थियों द्वारा आरक्षित रिक्तियों को भरने का हरसंभव प्रयास किया जाता है। अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछडे वर्गों और दिव्यांगजनों की रिक्तियों की कमी/बैकलॉग को भरा नहीं जा सका, हो तो उसे ध्यान में रखते हुए भरने के लिए आगामी भर्ती प्रक्रिया हेतु अग्रेषित किया जाता है।

पिछले तीन वर्षों के दौरान, भारतीय रेल पर पैनलबद्ध/भर्ती किए गए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और दिव्यांग श्रेणी अभ्यर्थियों की संख्या निम्नानुसार है:

समूह	वर्ष	कोटि			
		अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	दिव्यांग श्रेणी के अभ्यार्थी
क	2021	44	28	44	6
	2022	55	23	86	12
	2023	15	10	56	1
ख	समूह 'ख' में कोई सीधी भर्ती नहीं की गई है।				
ग (पूर्ववर्ती ग्रुप 'घ' सहित)	2021-2022	625	356	1231	28#
	2022-2023	12170	6123	22174	58#
	2023-2024	10939	5687	18685	376#

#इसके अलावा, 2021- 2022 से 2023-2024 तक लेवल 1 पदों के लिए '1852' दिव्यांग श्रेणी अभ्यर्थियों को पैनलबद्ध किया गया है।

(ङ): जनवरी से मार्च 2024 के दौरान, विभिन्न ग्रुप 'सी' पदों की भर्ती के लिए 32,603 रिक्तियों (4708-अनुसूचित जाति, 2649-अनुसूचित जनजाति, 7979-अन्य पिछड़ा वर्ग और 11 दिव्यांग श्रेणी के अभ्यार्थी रिक्तियों) के लिए चार केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाएं (सीईएन) अधिसूचित की गई हैं।

*****

s.k